# <u>महत्वपूर्ण सूचना</u>

दिनॉकः अगस्त 2024

बी0फार्मा/डी0फार्मा/एम0फार्मा के सभी वर्ग के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि जिन छात्र/छात्राओं के अभिभावको की आय 2,00,000/– रूपये प्रतिवर्ष या इससे कम है वे छात्र/छात्रा अपना छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति फार्म वेबसाइट **www.scholarship.up.gov.in** से **Online Form** भरकर नियमानुसार सभी दस्तावेजो को <u>स्वप्रमाणित</u> कर शिक्षण संस्थान में जमा करायेगें।

- बी0फार्मा/एम0फार्मा पाठयक्रमो के सामान्य जाति व अनुसूचित जाति के वे छात्र/छात्रायें जिनका प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त प्रवेश परिक्षा **(CUET)** अर्थात काउंसलिंग के माध्यम से हुआ हो।
- बी0फार्मा/एम0फार्मा पाठयक्रमो के पिछडी जाति व अल्पसंख्यक जाति के जिन छात्र/छात्राओं का प्रवेश **AKTU** से सीधे हुआ है अर्थात बिना काउंसलिंग के हुआ है। वे छात्र/छात्रायें भी अपना छात्रवृत्ति फार्म भर सकते है।
- डी0फार्मा पाठयक्रम के सभी छात्र/छात्रायें अपना छात्रवृत्ति फार्म भर सकते है।

सभी छात्र/छात्रा का **Mobile Number आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है, अर्थात छात्रवृत्ति फार्म मे आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नं0 ही छात्र द्वारा भरा जायेगा। जिसकी** फार्म से सम्बन्धित सही या गलत की सूचना, शासन/संस्था द्वारा **Mobile Number** पर ही दी जायेगी, जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी छात्र/छात्रा की होगी। (अति आवश्यक)

यह भी कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतू **आनलाइन फार्म** में सभी वर्ग के छात्र/छात्रा नॉन रिफण्डेबल शुल्क की धनराशि भरेगें, जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| | |
|---|---|
| **B.Pharm 1st, 2nd, 3rd & 4th Year students** | **= 92,200/-** |
| **D.Pharm 1st & 2nd Year students** | **= 45,000/-** |
| **M.Pharm 1st & 2nd Year students** | **= 94,700/-** |

1. बी0फार्मा/डी0फार्मा/एम0फार्मा के प्रथम वर्ष के सभी छात्र/छात्रा अपना छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति फार्म वेबसाइट **www.scholarship.up.gov.in** पर नये रजिस्ट्रेशन (Fresh Students) करके आवेदन हेतु **Login** करेगे। जिनके लिये आवश्यक निर्देश नोटिस बोर्ड व कालेज वेबसाइट **www.sdcopmzn.com** पर उपलब्ध है।
2. (अ) साथ ही साथ यह भी सूचित किया जाता है कि **बी0फार्मा/डी0फार्मा/एम0फार्मा के द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष** के जिन छात्र/छात्राओं द्वारा **वर्ष** 2023 में छात्रवृत्ति फार्म भरा गया हो, वे सभी छात्र/छात्रा, अपना छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति फार्म वेबसाइट **www.scholarship.up.gov.in** पर <u>नवीनीकरण के रजिस्ट्रेशन **(Renewal)**</u> में **वर्ष** 2023 का रजिस्ट्रेशन नं0 डालकर आवेदन हेतू लॉगिन करेगें। यदि कोई गलती छात्रों द्वारा पिछले वर्ष हो गयी थी उनको दूर करके संस्था में जमा करने हेतू आवेदन फार्म जमा करेगें। कोई भी द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष का छात्र/छात्रा जिसने वर्ष 2023 में छात्रवृत्ति फार्म भरा था, वह अपना नये रजिस्ट्रेशन <u>**(Fresh Registration)**</u> आवेदन हेतू <u>लागिन नही करेगे।</u>

   (ब) **बी0फार्मा/ डी0फार्मा/एम0फार्मा के द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष** के जिन छात्र/छात्राओं द्वारा पिछले **वर्ष 2023 में छात्रवृत्ति फार्म नही भरा गया हो,** वे सभी छात्र/छात्रा, अपना छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति फार्म वेबसाइट **www.scholarship.up.gov.in** पर <u>नये रजिस्ट्रेशन **(Fresh Students)**</u> करके आवेदन हेतू लॉगिन करेगें। जिनके लिये आवश्यक निर्देश नोटिस बोर्ड व कॉलेज वेबसाइट **www.sdcopmzn.com** पर उपलब्ध है।
3. समस्त छात्र/छात्राओं को यह भी सूचित किया जाता है कि कॉलेज में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति फार्म के साथ जो **शपथ–पत्र/घोषणा पत्र** छात्र/छात्राओं को पूर्ण रूप से भरकर देने होगें, वह कॉलेज वेबसाइट **www.sdcopmzn.com** पर उपलब्ध है। साथ ही साथ छात्र/छात्राओं के लिये **आवश्यक निर्देश** भी वेबसाइट पर उपलब्ध है। **(अति आवश्यक)**
4. **बी0फार्मा/ डी0फार्मा/एम0फार्मा** के सभी वर्ग के छात्र/छात्रा द्वारा स्वंय जांचने वाले फार्म का प्रिंट निकालकर संस्था में जांच करायेगे, जिसके 03 दिन पश्चात संस्था में जमा कराने वाले फार्म के प्रिंट की प्रति सभी दस्तावेजो पर स्वंय हस्ताक्षर करके 03 दिन के अन्तराल में संस्था में समयानुसार जमा करेगें तथा फार्म की प्राप्ति भी प्राप्त करेगे।

सभी दस्तावेजो का विवरण निम्न प्रकार से है, जोकि नये–पुराने सभी छात्र/छात्राओं को फार्म व दस्तावेजों पर अपने पूर्णरूप से हस्ताक्षर करके देने होगे :–

समस्त नये–पुराने सभी जाति व वर्ष के छात्र/छात्राओं द्वारा कॉलेज में जमा करने हेतू दस्तावेज

## सभी दस्तावेज निम्न क्रमानुसार संलग्न करे

1. छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति फार्म को कॉलेज में जमा करने हेतू **Online Form Print out** की प्रति।
2. छात्र के अभिभावक के आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति व **Online** सत्यापन की प्रति।
3. छात्र के जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति व **Online** सत्यापन की प्रति। ( केवल OBC व SC के छात्रो के लिए)
4. छात्र व माता–पिता या अभिभावक के पहचान पत्र की छायाप्रति। **(आधार कार्ड की प्रति)**
5. सभी जाति के छात्र/छात्रा को 2024 की प्रथम फीस रसीद की छायाप्रति। (जो छात्र/छात्रा द्वारा **Online Form** में भरी गयी हो)
6. यदि छात्र/छात्रा के अभिभावक किसी सरकारी, गैर–सरकारी या किसी प्रकार की नौकरी पर नियुक्त है और छात्र के अभिभावक ने अपने आय प्रमाण पत्र में पेशा नौकरी भरा है, तो छात्र के अभिभावक से सम्बन्धित कार्यालय से पूर्ण वर्ष के वेतन की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें।
7. छात्र के बैंक पास बुक की छायाप्रति।(केवल मुजफ्फरनगर जिले का हो।)
8. हाई स्कूल की अंकतालिका एवं पिछले शैक्षिक योग्यता की अंकतालिका की छायाप्रति (जो छात्र/छात्रा द्वारा **Online Form** में भरी गयी हो)
9. बी0फार्मा, डी0फार्मा, एम0फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं द्वारा अपना एडमिशन पत्र (counselling letter) आवश्यकतानुसार जोकि छात्र/छात्रा द्वारा Online Form में भरा गया है की प्रति।
10. छात्र का यदि **कोई गैप** हो तो **शपथ पत्र /घोषणा पत्र** पर फोटो सहित **रू0 10/–के स्टॉम्प पर नोटरी** करकर दे। **(केवल प्रथम वर्ष)** के आवश्यकतानुसार सभी जाति के छात्र/छात्राओं के लिये।
11. **सभी जाति व वर्ष** के छात्र/छात्राओं द्वारा देय **शपथ/घोषणा पत्र** पर फोटो सहित सादे कागज पर पूर्ण रूप से भरकर स्यवं हस्ताक्षर करकर दे। (सभी वर्ग व वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए) परिशिष्ट–च जिसको कालेज वेबसाइट **www.sdcopmzn.com** पर से प्राप्त कर सकते है।
12. **सभी जाति व वर्ष के** छात्र/छात्राओं के माता पिता या अभिभावक द्वारा **शपथ/घोषणा पत्र** पर फोटो सहित सादे कागज पर पूर्ण रूप से भरकर स्यवं हस्ताक्षर करकर दे। परिशिष्ट–ध–9 जिसको कालेज वेबसाइट **www.sdcopmzn.com** पर से प्राप्त कर सकते है।

सभी छात्र/छात्रायें उपर्युक्त सभी निर्देशों को पूर्णरूप से पढ़कर ऑनलाइन फार्म में भरकर, जिसका स्वयं जॉचने हेतू प्रिंट लेने के पश्चात संस्था में जॉच करायेंगें, जिसके 03 दिन पश्चात् संस्था मे जमा करने वाले फार्म के प्रिंट की प्रति, सभी दस्तावेजों पर स्वयं हस्ताक्षर करके तथा प्रमाणित कर 03 दिनों के अन्तराल में शिक्षण संस्थान में क्रमानुसार (10 बजे से 2 बजे तक) कार्यालय में अवश्य जमा करा दें।

# <u>आवश्यक निर्देश</u>

1. **बी0फार्मा/ डी0फार्मा/एम0फार्मा के <u>प्रथम वर्ष</u>** के सभी छात्र/छात्रा, अपने अभिभावक का आय प्रमाण पत्र **<u>नया</u> <u>सत्र 2024 अर्थात इसी वर्ष</u>** का होना चाहिए, जिसे **प्रथम वर्ष** के छात्र/छात्रा द्वारा **Online** भर कॉलेज में सत्यापित प्रिंट की प्रति सहित जमा करा दें। तथा **बी0फार्मा/ डी0फार्मा/एम0फार्मा के <u>द्वितीय तृतीय व चतुर्थ वर्ष</u>** के सभी छात्र/छात्रा को अपने अभिभावक का आय प्रमाण पत्र एवं छात्र का जाति तथा मूल निवास प्रमाण पत्र नया बनवाने की कोई आवश्यकता नही है,

2. **Online Form** मे सभी जाति के छात्र/छात्राओं के खाते **Distt. <u>Muzaffarnagar</u>** में स्थित शाखा मे ही होने चाहिये तथा सभी छात्र/छात्राओं के बैंक खाते AADHAR CARD व KYC से लिंक होने चाहिये, इसके पश्चात ही शासन द्वारा छात्रवृत्ति व शुल्कप्रतिपूर्ति छात्र/छात्राओं के खाते में हस्तान्तरित हो पायेगी, इस सम्बन्ध में यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि पायी जाती है तो इसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी छात्र/छात्राओं की होगी।

3. **Online Form** में सभी छात्र/छात्रा पाठ्यक्रम का प्रकार में <u>स्ववित्त पोषित</u> अर्थात Self Finance भरेगें।

4. **Online Form** मे बी0फार्मा/एम0फार्मा के सभी जाति व वर्ष के छात्र/छात्रा विश्वविद्यालय का नाम **<u>Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow</u>** भरेगें।

5. यदि छात्र मुस्लिम जाति का है, चाहे वह सामान्य जाति से हो, या पिछड़ी जाति से वह छात्र अपना **Online Form** अल्पसंख्यक जाति (**Minority Category**) में ही भरेगा।

6. सभी छात्र/छात्राओं द्वारा अपने अभिभावको का आय प्रमाण पत्र एवं छात्र का जाति तथा मूल निवास प्रमाण पत्र को सत्यापित **<u>www.bor.up.nic.in</u>** पर किया जाना है, जिसे छात्र/छात्राओं द्वारा सत्यापन के प्रिंट की प्रति फार्म के साथ लगायी जायेगी।

7. सभी छात्र/छात्रा **Online Form** में अपना **Mobile Number** आधार कार्ड के अनुसार लिखे, जो भी फार्म से सम्बन्धित सही या गलत की सूचना, शासन/संस्था द्वारा **Mobile Number** पर ही दी जायेगी, जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी छात्र/छात्रा की होगी। रजिस्ट्रेशन संख्या व स्वनिर्मित पासवर्ड व ई0मेल आई0 डी0 व उसका पासवर्ड पूर्ण रूप से सुरक्षित रखें।

(निदेशक)